आकाशवाणी, गोरखपुर

दिनांक–09 मई 2024 **सान्ध्य समाचार**

लोकसभा चुनाव के सातवें और अंतिम चरण के अन्तर्गत सात मई से जारी नामांकन प्रक्रिया के दौरान नामांकन पत्रों की बिक्री और पर्चा दाखिले का क्रम आज भी जारी रहा। सातवें चरण में प्रदेश के तेरह संसदीय क्षेत्रों महराजगंज, गारेखपुर, कुशीनगर, देवरिया, बांसगांव, सलेमपुर, घोसी, बलिया, गाजीपुर, चंदौली, वाराणसी, मिर्जापुर और राबर्टसगंज में एक जून को मतदान होगा। नामांकन प्रक्रिया के दौरान आज कुशीनगर लोकसभा सीट से राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी के अध्यक्ष पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य ने अपना नामांकन पत्र जमा किया। जबकि गोरखपुर लोकसभा क्षेत्र से बसपा प्रत्याशी जावेद सिमनानी और निर्दलीय पिन्टू साहनी ने पर्चा दाखिल किया। महराजगंज में बसपा के उम्मीदवार मौसमे आलम और सरदार पटेल सिद्वान्त पार्टी के प्रत्याशी विनोद कुमार पटेल ने अपने नामांकन पत्र जमा किए। घोसी संसदीय सीट के लिए आज कुल पांच उम्मीदवारों का नामांकन हुआ। उधर वाराणसी में आज नामांकन पत्र खरीदने वालों की लम्बी कतार देखने को मिली यहां अब तक चार प्रत्याशी पर्चा दाखिल कर चुके है।

****

लोकसभा चुनाव को लेकर विभिन्न राजनीतिक दलों के स्टार प्रचारकों ने अपनी–अपनी पार्टी के प्रत्याशियों की जीत सुनिस्चित करने के लिए प्रचार में पूरी ताकत झोंक दी है। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा ने आज चित्रकूट में चुनावी रैली कर बांदा संसदीय क्षेत्र से पार्टी प्रत्याशी आर के सिंह पटेल को वोट देने की अपील की। इस दौरान उन्होंने विपक्षी दलों पर निशाना साधा और कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश की जनता विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने में जुट गयी है। भाजपा के वरिष्ठ नेता और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज लखीमपुर खीरी, धौरहरा और सीतापुर लोकसभा क्षेत्रों में चुनावी जनसभाओं को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि अब तक सामने आए रूझानों से यह तय हो गया है कि देश कि जनता एक बार फिर मोदी सरकार बनाने जा रही हैं।

बसपा की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने आज कन्नौज में चुनावी रैली को संबोधित करते हुए इलेक्टोरल बॉन्ड को लेकर भाजपा और कांग्रेस पर तीखे आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि बसपा कभी धन्ना सेठों से पैसे नही लेती है। उधर बहराइच में सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने एक चुनावी जनसभा में भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि तीन चरणों के मतदान में जनता ने भाजपा को काफी पीछे कर दिया है। कांग्रेस की वरिष्ठ नेता प्रियंका गांधी ने आज रायबरेली में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि पांच किलो राशन से देश की जनता को आत्म निर्भर नही बनाया जा सकता।

****

लोकसभा चुनाव को लेकर बहुजन समाज पार्टी ने आज प्रदेश की दो और संसदीय सीटों के लिए प्रत्याशियों की घोषणा कर दी है। बसपा ने कुशीनगर लोक सभा सीट से शुभनारायण चौहान और देवरिया से सन्देश यादव उर्फ मिस्टर को अपना उम्मीदवार घोषित किया है। बसपा की इस नयी सूची जारी होने के साथ ही गोरखपुर–बस्ती मंडल की सभी संसदीय सीटों पर उसके प्रत्याशी तय हो गये हैं।

****

प्रधानमंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता नरेन्द्र मोदी का वाराणसी संसदीय क्षेत्र से नामांकन चौदह मई को प्रस्तावित है। इसके पहले तेरह मई को श्री मोदी यहां एक रोड–शो करेंगे। पांच किलोमीटर के रोड–शो को लेकर भाजपा की तरफ से तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। इस दौरान ड्रोन शो का भी प्रदर्शन किया जाएगा। जिसमें वाराणसी में अब तक हुए विकास कार्यो को दर्शाया जाएगा।

****

लोकसभा चुनाव के बाकी बचे चार चरणों में आने वाले संसदीय क्षेत्रों में अधिक से अधिक मतदान कराने के लिए बड़े पैमाने पर जागरूकता अभियान चलाये जा रहे हैं। भदोही में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए प्रशासन ने बुनकरों के सहयोग से कालीन कॉरिडोर बनवाया है। इस कॉरिडोर में कालीन से ही एक मॉडल बूथ भी तैयार किया गया है। गोरखपुर में आज नागरिक सुरक्षा की तरफ से मारवाड़ इण्टर कॉलेज मे मतदान विषय पर केन्द्रित रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। उधर महराजगंज में जिला निर्वाचन अधिकारी अनुनय झा ने मतदाता जागरूकता अभियान के तहत पिंक रैली को रवाना किया। वाराणसी में आज सामाजिक संस्था सुबह–ए–बनारस की तरफ से श्री वल्लभ विद्यापीठ बालिका इण्टर कॉलेज में लोगों को मतदान करने का संकल्प दिलाया गया। जबकि हमीरपुर में सरीला तहसील के सभी कर्मचारियों ने बाइक रैली निकाल कर लोगों को मतदान करने के लिए प्रेरित किया।

****

दो सौ पचासी हज यात्रियों को लेकर लखनऊ के चौधरी चरण सिंह एयरपोर्ट से आज सुबह आठ बजे पहली फ्लाइट सऊदी अरब के लिए हुई रवाना हुई। इसके पहले हज हाउस पर कल शाम से ही जुटे यात्रियों का फूल मालाओं से स्वागत किया गया।

****

अक्षय तृतीया और परशुराम जयंती पर कल विभिन्न सामाजिक संगठनों की तरफ से जुलूस और भण्डारों के आयोजन किये जायेंगे। इसे देखते हुए गोरखपुर के जिलाधिकारी कृष्णा करूणेश ने गोरखपुर महानगर क्षेत्र के कक्षा बारह तक के सभी विद्यालयों को कल बन्द रखने का आदेश दिया है।

****

चंदौली के मुगलसराय कोतवाली क्षेत्र के न्यू कालीमुहाल में बीती रात एक निजी आवासीय परिसर के सेप्टिक टैंक की सफाई करने के दौरान जहरीली गैस की चपेट में आने से तीन सफाई मजदूरों समेत चार लोगों की मौत हो गयी। मृतकों में आवासीय परिसर के मालिक का पुत्र भी शामिल है।

****